Corporation should be wound up, as it has not been a commercially viable organisation. The Committee reiterated this recommendation in its "Action Taken" report on the said sixty-second Report. The committee's recommendation is under Government's considera'ion.

बीजों के मूल्यों में उतार-चढ़ाव

2414. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1972–73 वर्ष में बीजों के मूल्यों में क्या उतार-चढ़ाव रहा ; और

(ख) मूल्य वृद्धि के क्या कारण है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य): (क) और (ख) राष्ट्रीय बीज निगम और भारतीय राज्य फार्म निगम जैसे संगठनों द्वारा बेचे गये मुख्य किस्म के बीजों के मूल्यों में 1972–73 के दौरान आमतौर से कोई भारी घटा-बढ़ी नहीं हुई है। राष्ट्रीय बीज निगम ने गेहूं के बीज का मूल्य 1971–72 में 170 रुपये से बढ़ा कर 1972–73 में 200 रुपया प्रति क्विंटल कर दिया। बीज उत्पादकों को ऊंचे वसूली मूल्य दिए जाने के कारण यह वृद्धि आवश्यक हो गई थी। जहां तक भारतीय राज्य फार्म निगम का मामला है, इस निगम ने मूंग के बीजों का मूल्य 1972–73 में बढ़ाया था।

सुपर बाजार, नई दिल्ली में पूंजी निवेश और निदेशक की नियुक्ति की कसौटी

2415. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने सुपर बाजार, नई दिल्ली में अब तक कितनी पूंजी लगाई है; और

(ख) सुपर बाजार, नई दिल्ली के निदेशक की नियुक्ति सम्बन्धी मापदंड क्या है और अंशधारियों द्वारा निदेशक के चुनाव की क्या प्रतिक्रिया है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथराव पी० जोशी) : (क) भारत सरकार ने कोआपरेटिव स्टोर लिमिटेड (सुपर बाजार), नई दिल्ली में अब तक अंश पूंजी अंशदान के रूप में 66.76 लाख रुपये की धन राशि लगाई है। इसके अतिरिक्त, 77.43 लाख रुपये की राशि ऋण और 7.22 लाख की अनुदान के रूप में दी गई थी (ऋण में से सुपर बाजार ने वापसी-अदायगी की समय-अनुसूची के अनुसार 19.03 लाख रु० की राशि लौटा दी है)।

(ख) कोआपरेटिव स्टोर लिमिटेड, नई दिल्ली की उप-विधियों के अनुसार प्रबन्ध समिति के नौ सदस्य भारत सरकार द्वारा नामित किये जाते हैं और शेष छः सरकार के अलावा दूसरे अंशधारियों द्वारा निर्वाचित किये जाने होते हैं। नामित निदेशकों का चयन सरकार द्वारा इस प्रकार किया जाता है कि वे समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले हों जिनमें अन्य गैर-सरकारी व्यक्तियों के साथ-साथ एक संसद सदस्य और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ, नई दिल्ली नगरपालिका, दिल्ली प्रशासन और केन्द्रीय सरकार के प्रतिनिधि होते हैं।

Short Supply of Small Tractor in Madhya Pradesh

2417. SHRI G. C. DIXIT: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether small tractors are in short supply in Madhya Pradesh as compared to the other States; and

(b) if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE